## महत्वपूर्ण एवं खास




### सर्वेक्षण दल को किया गया रवाना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विकास खण्ड पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से विशेष कुष्ठ जनजागरूकता सर्वेक्षण अभियान के अन्तर्गत आज सर्वेक्षण दल को रवाना किया गया। दल में 16 टीमें शामिल हैं। जिनके माध्यम घर घर जाकर सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष किशोर कसेर, पुसौर विकास खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. के. चंद्रवंशी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सारंगढ़ पुलिस की जुआ-सट्टा पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सारंगढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 15.10.2019 के शाम मुबिर सूचना पर गातापीढा से पहाड किनारे के रास्ते से मोटर सायकल प्लेटिना में ग्राम फर्सवानी के सुरज कुमार यादव पिता 29 साल को एक बैग के अंदर प्लास्टिक पन्नी में भरा कच्ची महुआ शराब करीब 20 लीटर कीमत 2000 रूपये को अवैध रूप से परिवहन करते पकड़े। आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 491/19 धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वही दूसरी मामले में थाना सारंगढ़ स्टाफ द्वारा दोपहर करीब 15:00 बजे मुखबिर सूचना पर भोखली डेम के पास जुआ खेल रहे लोगों को घेराबंदी कर पकडे, मौके पर 52 पत्ती तास से जुआ खेलते जुआडियान नंदलाल मैत्री उम्र 40 वर्ष , सुनील टंडन उम्र 27 वर्ष , कुमार साहू उम्र 33 वर्ष पकड़े गये जिनके फड एवं पास से नगदी रकम 5100 /- रुपये, 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवही की गई है।

### तमनार पुलिस की जुआ-सट्टा पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार में पदस्थ प्रधान आरक्षक उदय सिंह सिदार एवं हमराह आरक्षक द्वारा आज दिनांक 16/10/2019 को ग्राम बागबाडी थाना तमनार के विजय सिदार पिता श्याम सिदार अपने गांव में सट्टा पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर गांव जाकर रेड किया गया। आरोपी विजय सिदार पिता श्याम सिदार उम्र 27 वर्ष सा. बागबाडी थाना तमनार को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकडा गया, दांव लगाने वाले व्यक्ति पुलिस को देखकर मौके से भाग गये थे। विजय सिदार के कब्जे से 01 नग सटटा पटटी पर्ची, 01 पेन व नगदी रकम 3000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### मोटरसायकल पर बकरा चोरी कर भाग रहे युवको को ग्रामीणों ने पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम सिसरिंगा बाम्हनबहरी थाना धरमजयगढ़ में रहने वाले संजय बडा पिता फिलमोन बडा द्वारा थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 14/10/19 के दोपहर 1.45 बजे प्रतिदिन की तरह घर के बाहर रोड़ के पास अपने 11 नग बकरी एवं खस्सी को बांधकर रखा था उसी समय लक्ष्मी सोनी, राजपाल खुंटे, सुनील सोनी, गणेश बंजारे निवासी इंजको मदनपुर पत्थलगांव जिला जशपुर के दो मोटर सायकल में दो-दो व्यक्ति बैठकर आये और दो नग खस्सी कीमती जुमला 16,000 रू. को दोनो मोटर सायकल में एक-एक नग बैठाकर चोरी कर ले गये। हल्ला-गुल्ला होने पर गांव के मनवेल बडा, हीरा यादव, हेमांशु यादव दौडाकर ग्राम नोनईजोर के पास लक्ष्मी सोनी व राजपाल खुंटे को मोटर सायकल व खस्सी सहित पकडे जिसमें से सुनील सोनी, गणेश बंजारे एक खस्सी बकरा को मोटर सायकल में लेकर भाग गये। मवेशी चोरी की रिपोर्ट पर थाना धरमजयगढ़ में चारों आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 201/19 धारा 379,34 भादंवि पंजीबद्ध किया गया है।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान में चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना खरसिया अन्तर्गत ग्राम बोतल्दा के सार्वजनिक वितरण प्रणाली दुकान का दिनांक 11.10.2019 की दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर करीब कुल राशि 20611 रूपये के राशन सामग्री की चोरी कर ले गया है। चोरी की रिपोर्ट पर थाना खसिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 439/19 धारा 457,380 भादवि दर्ज कर विवेचना मं लिया गया है।

### प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे का दौरा कार्यक्रम स्थगित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे जी का दिनांक 17 अक्टूबर को प्रस्तावित दौरा तथा उनकी अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय परिसर सभाकक्ष में आयोजित जिला खनिज न्यास शासी परिषद एवं जिला स्तरीय विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है।

### सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला 19 अक्टूबर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयुक्तगण एवं आयोग के अधिकारीगण की उपस्थिति में 19 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर रायगढ़ ने जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी को कार्यशाला में उपस्थित होने निर्देशित किया।

# डायल 112 स्टॉप द्वारा अलग-अलग घटना के पीड़ितों को दी गई सेवा









**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया राइनो को रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर ग्राम सफिया के लिए रवाना किया गया जहां घटनास्थल पर जोगीलाल सारथी पिता भुवनेश्वर सारथी उम्र 51 वर्ष के मोटरसाइकिल के सामने अचानक भैंस आ जाने से वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे उसका हाथ फैक्चर हो गया था। आहत को खरसिया राइनो स्टाफ द्वारा सीएचसी खरसिया ले जाकर भर्ती कराया गया है।

#### मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट -

भूपदेवपुर राइनो को आज दोपहर करीब 12:03 बजे काशीचूआ में रहने वाले अवध राम पिता मनोहर सिदार उम्र 40 वर्ष द्वारा कीटनाशक दवा का सेवन कर लेने पर मेडिकल की आवश्यकता पर इवेंट प्राप्त हुआ था मौके पर पहुंचकर भूपदेवपुर राइनो के आरक्षक विनीत तिर्की द्वारा अवध राम सिदार को उपचार के लिए केजीएच रायगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया है।

#### ऑटो और मोटरसाइकिल में भिड़ंत

आज दिनांक 16.10.19 के दोपहर 15:56 बजे घरघोड़ा राइनो को रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर अमापाली मेन रोड के लिए रवाना किया गया जहां मोटरसाइकिल और ऑटो के बीच एक्सीडेंट हो गया था। मोटर सायकल का चालक लखेश्वर पिता गंगाराम सतनामी उम्र 35 वर्ष निवासी तथा शिवलाल चौहान पिता बुधराम चौहान उम्र 59 वर्ष दोनों निवासी छोटे गुमडा अमापाली से गुमडा की ओर जा रहा तथा ऑटो चालक घरघोड़ी में रहने वाले रतन कुमार पति धनीराम चौहान उम्र 50 साल, श्रीमती यशोदा चौहान पति गुरु राम चौहान उम्र 24 साल, श्रीमती धौंरा बाई ति दुखूराम चौहान उम्र 72 साल एवं मोहरति चौहान पिता घराऊ राम उम्र 06 साल को घरघोड़ा से घरघोड़ी ले जा रहा था।

आमापाली मेन रोड़ पर मोटर सायकल से टकराते हुये ऑटो सड़क किनारे आ रूकी जिससे ऑटो में सवार लोगों को चोटें आयी है। आहतों को घरघोडा राइनो स्टाफ द्वारा सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है।

## पिकअप वाहन से करीब 2 लाख रूपये के फटाका जप्त

**» चौकी कनकबीरा की अवैध फटाका परिवहन पर कार्यवाही**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रात्रि पुलिस चौकी प्रभारी कनकबीरा प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी सारंगढ़ की सूचना पर ग्राम बटाऊपाली, मानिकपुर के बीच सारंगढ से सरायपाली रोड पर नाकाबंदी कर पीकअप वाहन से अवैध रूप से परिवहन की जा रही वाहन क्रमांक छ्त्त 06 ग्त्ष्ट 5288 को रोककर जांच किया गया, वाहन के डाला में 50 बाक्स (कार्टुन) फटाखा भरा हुआ पाया गया। वाहन के चालक मनीराम निषाद पिता ज्ञान सिंह निषाद 41 साल साकिन पथरापाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद को फटाका परिवहन करने के संबंध में कागजात मांग किये जाने पर, कागजात नहीं होना बताया, पिकअप वाहन व वाहन में लोड करीब 2 लाख रूपये के विभिन्न फटाके जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ (चौकी कनकबीरा) में अप.क्र. 494/19 धारा 289 भादवि एवं 9 विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

## गांधी जी के जीवन से मिलती है व्यवहारिक शिक्षा-कलेक्टर

**» पोस्टर प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज सृजन सभाकक्ष में चल रही पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को गांधी जी के जीवन को और अधिक निकट से जानने का मौका मिल रहा है। उन्होंने प्रदर्शनी में स्कूली छात्र-छात्राओं की सहभागिता की सराहना की और कहा कि युवा पीढ़ी को सही सोच और दिशा देने के लिए गांधी जी महान व्यक्तित्व है। बच्चे उनके जीवन और देश की स्वतंत्रता तथा जनहित के लिए किए गए उनके कार्यों से व्यवहारिक शिक्षा का पाठ पढ़ सकते है और अपने कर्मक्षेत्र में सफलता की नयी ऊचाईयां छू सकते है। उन्होंने आयोजक टीम को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में इस आयोजन को जनपद एवं पंचायत स्तर तक लेकर जाये।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिक्षा विभाग तथा अजीमप्रेम जी फाउण्डेशन जिनके संयुक्त तत्वाधान में यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा कि यह आयोजन हमारे राष्ट्रपिता से आज की पीढ़ी को जोडने के लिए एक सार्थक प्रयास है। साथ ही कहा कि स्कूली छात्रों के साथ-साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा कालेज स्तर के छात्रों की भी सहभागिता की जाए एवं भविष्य में गोष्ठियों व पपेट शो के माध्यम से भी गांधी जी के दर्शन से जनमानस को परिचित करायें। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, डीपीओ टी.के.जाटवर, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला समन्वयक रमेश देवांगन, जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा अजीमप्रेम जी फाउण्डेशन के जिला हेड जॉय चौधरी एवं उनकी टीम उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि दिनांक 15 अक्टूबर से आयोजित तीन दिवसीय पोस्टर प्रदर्शनी का आज 17 अक्टूबर को अंतिम दिन है।

## अपने जरूरी सामान खरीदने वाले ग्रामीणजन मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का उठा रहे लाभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत घरघोड़ा विकास खंड के ग्राम पोरडा और छर्राटांगर में स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा शिविर लगाया गया। हाट बाजार करने आये ग्रामीणों ने जरुरी समान खरीदने के साथ ही शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। लोगों ने शासन की योजना की सराहना करते हुए कहा कि काम की व्यवस्था के कारण अपना स्वास्थ्य परीक्षण नहीं करा पाते थे। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना दूरस्थ अंचलों के ग्रामवासी वासियों के कारगर कदम है।




## विश्व खाद्य दिवस के प्रचार-प्रसार हेतु गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के दिशा-निर्देशानुसार जिला खाद्य अधिकारी की अध्यक्षता में सहायक खाद्य अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों, व्यवसायियों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में आज खाद्य शाखा रायगढ़ कार्यालय में विश्व खाद्य दिवस के प्रचार-प्रसार हेतु गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई। इस मौके पर खाद्य अधिकारी रायगढ़ द्वारा राज्य स्तर पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भूकंप अपातकाल एवं प्राकृतिक आपदाएं होने पर खाद्यान्न सामग्री के मूल्यों पर स्थिरता रखने हेतु क्षेत्रीय राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। इसके अतिरिक्त जिला अंतर्गत समस्त अनुभागों में भी विश्व खाद्य दिवस मनाये जाने हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयास की जानकारी दी गई।

## आपदा प्रबंधन वेबसाईट पोर्टल पर आपदा प्रबंधन संसाधन सूची के संधारण करने के संबंध में निर्देश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जिला आपदा प्रबंधन वेबसाईट पोर्टल www.idrn.gov.in पर आपदा प्रबंधन संसाधन सूची के संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर रायगढ़ ने सर्वसंबंधित विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी उक्त वेबसाईट में जून 2017 तक की जानकारी लोड किया गया है। जिसे 31.3.2019 की स्थिति में अपने विभाग से संबंधित जानकारी उक्त साईड में अपडेट किया जावे। संबंधित विभाग प्रमुख व्यक्तिगत रूचि लेते हुए 31.3.2019 की स्थिति में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी वेबसाईट में अपलोड करावे यदि पूर्व वर्षो में संसाधनों की सूची अपलोड कराई गई है तो वर्तमान में उन संसाधनों की जांच कर दुरूस्त करा लेवे तथा अनुपयोगी संसाधनों को वेबसाईट में डिलिट कराकर अद्यतन जानकारी की प्रतिलिपि कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## न्यू रामलीला के कलाकारों का हुआ सम्मान

**» दादी बाड़ा के कार्यक्रम में डांडिया नाईट का भी हुआ आयोजन**



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** न्यू रामलीला समिति द्वारा विगत दिनों चक्रधरनगर दशहरा महोत्सव में पांच दिवसीय राम लीला कार्यक्रम का भव्य मंचन किया गया था। रामलीला में कलाकारों की भूमिका निभाने वाले कलाकारों का दादी बाड़ा बैकुंठपुर में शनिवार रात 12 अक्टूबर को मुख्य अतिथि भाई महावीर एवं बिज्जू ठाकुर की उपस्थिति में कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर समिति द्वारा डांडिया का भी आयोजन किया गया था जिसमें जज की भूमिका में अरुणा शर्मा, मीता त्रिपाठी, डॉ माधुरी त्रिपाठी, पूनम सोलंकी की उपस्थिति रही। डांडिया में राधा रास मंडल की टीम के साथ ही साथ मीनाक्षी शर्मा, पुष्पलता शर्मा, निनी पटवा, खुशबू सिंह, शीतल शर्मा, सुनीता शर्मा के साथ ही साथ रायगढ़ की बहुत सी महिलाओं ने भाग लिया एवं बहुत ही भक्ति भाव के वातावरण में डांडिया नाच कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

इस अवसर पर न्यू रामलीला समिति के दीपक शर्मा, संजय बेरीवाल पल्लू एवं प्रसून उपाध्याय के द्वारा सभी आमंत्रित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं इसके साथ ही साथ रामलीला में भाग लिए हुए सभी कलाकारों एवं डांडिया शो में उपस्थित सभी भाई बहनों का कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण समय देकर शानदार अभिनय एवं डांडिया करने के लिए आभार प्रदर्शन किया गया।

उक्त गरिमामय समारोह में अवार्ड एवं पुरस्कार पाकर कलाकारों में अपार उत्साह था उनके द्वारा उक्त सम्मान के लिये समिति का अभार प्रकट किया गया एवं आने वाले भविष्य में भी रामलीला को और भव्य रूप देने के लिए संकल्प लिया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480